SNBP International & Senior Secondary School, Chikhali, Pune.
Affiliation No. 1130703
Academic session 2024-25
NOTES-7(TERM-1)

Grade - 4

Subject: हिंदी

Prepared by: Vrushali kokane **LESSON-7 चार दोस्त**

व्याकरण - संवाद लेखन गिनती १ से ५० तक (Revision)

प्रश्न १) शब्दार्थ मधुश्री पाठ्यपुस्तक से नोटबुक मे लिखिए।

प्रश्न २) दिए गए शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए।

क) गुण- विशेषताएँ

वाक्य- महेश के अंदर बहुत गुण है ।

ख)सजीव- जीवित

वाक्य- जंगल में अनेक सजीव जीव होते है।

प्रश्न ३) खाली स्थान भरिए।

१) त्रिमूर्ति-वृक्ष वट, पीपल और **नीम** हैं।

२) हमें जीवन को बचाने के लिए **पेड़-पौधों** को बचाना चाहिए।

3) पेड़ों का **मानव-जीवन** में महत्वपूर्ण स्थान है।

प्रश्न ४) लघु उत्तरीय प्रश्न:

1. पीपल ने क्या कहा? क्यों मानव जाति समाप्त हो जाएगी?

उत्तर- पीपल ने कहा कि आए दिन ट्रक भर-भरकर पेड़ काटे जा रहे हैं। यदि मानव अपने फ़ायदे के लिए पेड़ों को काटता और जलाता रहा तो मानव जाति का अंत निश्चित है।

2. नीम की उपयोगिता बताइए?

उत्तर- नीम के पेड़ का उपयोग सबसे अधिक दवाइयों के रूप में किया जाता है। नीम की पत्तियों व छाल से चोट व पात्र का उपचार होता है। नीम की टहनियों का प्रयोग दातुन के रूप में किया जाता है. जिसमे दाँत मजबूत बनते हैं।

3.'वट वृक्ष' किसे कहते हैं और क्यों?

उत्तर- 'वट वृक्ष' बरगद को कहते हैं। घनी शाखाएँ होने के कारण इसे 'वट' या 'बड़' भी कहा जाता है।

प्रश्न ५) दीर्घ उत्तरीय प्रश्न:

1. 'वृक्ष जीवन का आधार है' यह क्यों कहा जाता है?

उत्तर- वृक्ष हमारे जीवन का आधार होते हैं। पेड़ हमें जीवन प्रदान करने वाली ऑक्सीजन गैस प्रदान करते हैं, जिसके बिना हमारा जीवन असंभव है। ये हमें न सिर्फ ऑक्सीजन देते हैं बल्कि तमाम प्रकार के फल-फूल, जड़ी-बूटियाँ, लकड़ियाँ आदि भी देते हैं। घर के आस-पास पौधारोपण करने से गरमी, धूल आदि की समस्या से बच सकते हैं।

2. जल संरक्षण में वृक्षों की क्या भूमिका है? अपने शब्दों में लिखिए।
उत्तर- वृक्षों के कारण ही पृथ्वी पर वर्षा होती है और वृक्ष जल को शुद्ध रखने का काम भी करते हैं। पेड़ों के जरिए ही हम नदियों और तालाबों का कटाव रोक सकते हैं।

3. पीपल के वृक्ष को 'वृक्षों का राजा' कहा जाता है, क्यों?
उत्तर- वातावरण के दूषित तत्वों, कीटाणुओं को नष्ट करने के कारण पीपल को देव तुल्य माना जाता है। वैज्ञानिक दृष्टि से पीपल रात-दिन निरंतर 24 घंटे ऑक्सीजन देने वाला एकमात्र अद्भुत वृक्ष है, जिसके निकट रहने से प्राणशक्ति बढ़ती है। इसके अलावा पीपल के पत्ते, फल आदि में औषधीय गुण होने के कारण यह रोगनाशक भी होता है।

4. बरगद ने पीपल की किस बात का समर्थन किया और क्यों?
उत्तर- बरगद ने पीपल की हर साल एक पौधा लगाने की बात का समर्थन किया क्योंकि केवल तभी लोगों का स्वास्थ्य सुधर पाएगा और धरती पर न ऑक्सीजन की कमी होगी न भोजन की।

प्रश्न ६) गिनती १ से ५० तक लिखिए।

<u>व्याकरण - संवाद लेखन</u>

दो या दो से अधिक लोगों की बातचीत को लिखना ही संवाद लेखन कहलाता है।
संवाद लिखते समय निम्नलिखित बातों का ध्यान रखना चाहिए-
१. संवाद की भाषा सरल व स्पष्ट होनी चाहिए।
२. संवाद कम से कम शब्दों में होना चाहिए।
३. संवाद लिखते समय व्याकरण के नियमों का विशेष ध्यान रखना चाहिए।
४. संवाद विषयानुसार होना चाहिए।

जैसे- दीपावली की रात में **<u>'प्रदूषण में वृद्धि'</u>** विषय पर दो सहेलियों के बीच होने वाला संवाद -

हर्षिता- मैंने कल अखबार में एक ऐसी खबर पढ़ी कि हैरान रह गई।
विशाखा- तुम किस समाचार की बात कर रही हो?

हर्षिता- मैंने अखबार में पढ़ा कि केवल दीपावली की रात को ही इतना प्रदूषण हो जाता है, जितना पूरे वर्ष के दौरान होता है।
विशाखा- क्या तुम सच कह रही हो?

हर्षिता- हाँ! और इस प्रदूषण का कारण पटाखों से निकलने वाला धुआं है।
विशाखा- पटाखे? मैं भी खूब पटाखे जलाती हूँ और मेरी योजना इस बार भी पटाखे जलाने की है।

हर्षिता- लेकिन, मैंने तय कर लिया है कि इस बार मैं पटाखे नहीं जलाऊँगी।

****